**दिनांक–13.10.2025 को ईखायुक्त, बिहार, पटना की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री गन्ना विकास कार्यक्रम एवं गन्ना यंत्रिकरण योजना (2025–26) की समीक्षा हेतु VC के माध्यम से आयोजित साप्ताहिक बैठक की कार्यवाही।**

**उपस्थिति–** श्री महेन्द्र प्रताप सिंह, संयुक्त निदेशक, ईख विकास/मुख्यालय में नवपदस्थापित सहायक निदेशक/सभी सहायक निदेशक, ईख विकास एवं महाप्रबंधक, सभी चीनी मिल।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2025–26 में कार्यान्वित मुख्यमंत्री गन्ना विकास कार्यक्रम एवं गन्ना यंत्रिकरण योजना के प्रगति के संबंध में समीक्षा की गई एवं निम्न निदेश दिया गया, जो निम्नवत् है–

1. मुख्यमंत्री गन्ना विकास कार्यक्रम (2025–26) हेतु स्वीकृत कुल 49.00 करोड़ रू0 के विरूद्ध 12.78 करोड़ रू0 तथा गन्ना यंत्रिकरण योजना हेतु स्वीकृत कुल 10.00 करोड़ रू0 के विरूद्ध 0.68 करोड़ रू0 व्यय हुआ है।

2. मुख्यमंत्री गन्ना विकास कार्यक्रम अंतर्गत केन केयर पोर्टल के माध्यम से प्रमाणित गन्ना बीज प्रत्यक्षण, अंतरवर्ती खेती एवं बड चिप/सिंगल बड पद्धति मद में क्रमशः 11802, 1873, 1633 यानि कुल 15308 आवेदन प्राप्त हुए हैं। चीनी मिलवार प्रतिवेदन निम्नवत् है–

**MGVY report Date: 10.10.2025**

| Sl. No. | Mill | Certified Seed | | | | Inter Cropping | | Bud Chip | | Total Application | Total Registered Kissan |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Autumn Target (in acre) | Application Received | Autumn Target (in qtls) | Requested Quantity (in qtls) | Autumn Target (in acre) | Application Received | Target (in acre) | Application Received | | |
| 1 | Bagha | 1000 | 3416 | 25000 | 85300 | 3200 | 273 | 640 | 205 | 3894 | 4633 |
| 2 | Hari Nagar | 1600 | 399 | 40000 | 9963 | 4200 | 103 | 955 | 480 | 982 | 1304 |
| 3 | Lauriya | 48 | 89 | 1200 | 2225 | 390 | 168 | 200 | 0 | 257 | 361 |
| 4 | Sugauli | 209 | 320 | 5210 | 8000 | 500 | 24 | 230 | 0 | 344 | 939 |
| 5 | Hasanpur | 1538 | 2665 | 38450 | 66525 | 1725 | 726 | 350 | 355 | 3746 | 4974 |
| 6 | Sidhwalia | 1200 | 1604 | 30000 | 40100 | 1250 | 272 | 250 | 259 | 2135 | 2626 |
| 7 | Narkatiyaganj | 120 | 229 | 3000 | 5713 | 1025 | 20 | 750 | 44 | 293 | 666 |
| 8 | Majhaulia | 1000 | 770 | 25000 | 19250 | 750 | 160 | 275 | 59 | 989 | 1241 |
| 9 | Non-SugarMill | 95 | 75 | 2362 | 1875 | 0 | 0 | 0 | 0 | 75 | 863 |
| 10 | Pratappur | 1000 | 627 | 25000 | 15675 | 250 | 42 | 50 | 50 | 719 | 752 |
| 11 | Riga | 1200 | 281 | 30000 | 7025 | 500 | 38 | 100 | 0 | 319 | 961 |
| 12 | Vishnu | 1539 | 1327 | 38480 | 33163 | 1000 | 47 | 200 | 181 | 1555 | 2668 |
| | **Total** | **10549** | **11802** | **263702** | **294814** | **14790** | **1873** | **4000** | **1633** | **15308** | **21988** |

3. निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप आवेदन प्राप्त नहीं होने के संबंध में संबंधित चीनी मिल एवं सहायक निदेशक, ईख विकास से समीक्षा किया गया। लक्ष्य से काफी कम आवेदन प्राप्ति पर हरिनगर चीनी मिल के महाप्रबंधक के द्वारा बताया गया कि माह के प्रारंभ में अत्यधिक वर्षा एवं अवकाश के कारण आवेदन प्राप्त नहीं हो सका है, आवेदन प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि को विस्तारित करने का अनुरोध किया गया। रीगा चीनी मिल का भी लक्ष्य की अपेक्षा काफी आवेदन प्राप्त हुए हैं एवं रीगा मिल की ओर से किसी प्रतिनिधि द्वारा भाग नहीं लेने पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा अभिरूचि नहीं लेने पर इनके उच्च प्रबंधन को सूचित किया जायेगा। इसी प्रकार नरकटियागंज के द्वारा अंतरवर्ती मद में 1025 के विरूद्ध केवल 20 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसपर अप्रसन्नता व्यक्त किया गया। शेष सभी के द्वारा कहा गया कि दिनांक–14.10.2025 तक लक्ष्य के अनुसार आवेदन प्राप्त करने हेतु कार्रवाई किया जा रहा है। अंतरवर्ती मद की समीक्षा में बगहा मिल के महाप्रबंधक द्वारा बताया गया कि अभी तक बिहार राज्य बीज निगम से बीज प्राप्त नहीं हुआ है। साथ ही सुगौली द्वारा अभी तक राशि जमा नहीं किया गया है, इसपर संयुक्त निदेशक, ईख विकास को बिहार राज्य बीज निगम से समन्वय कर बीज आपूर्ति कराने का निदेश दिया गया। सभी को निदेश दिया गया कि आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक–14.10.2025 तक लक्ष्य के अनुरूप तीनों मद में आवेदन प्राप्ति का कार्य पूरा करते हुए सत्यापन तथा बीज वितरण का कार्य किया जाय एवं सभी मद भौतिक उपलब्धि के विरूद्ध वित्तीय उपलब्धि प्राप्त की जाय।

4. प्रमाणित गन्ना बीज वितरण हेतु सभी के द्वारा कहा गया कि अभी तक एल.आई.आर. प्राप्त नहीं हुआ, कुछ मिल में बीज निरीक्षक द्वारा निरीक्षण किया गया है एवं कुछ मिल में इस सप्ताह निरीक्षण किया जाना है। इसपर संयुक्त निदेशक, ईख विकास एवं सुश्री श्रेया सिंह, सहायक निदेशक, योजना को एल.आई.आर. प्राप्ति हेतु मिल एवं बसोका से समन्वय करने का निदेश दिया गया।

5. क्षेत्रीय एक्सपो हेतु निर्धारित भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य 12 तथा 60.00 लाख रू0 के विरूद्ध 07 तथा 10.00 लाख रू0 उपलब्धि है। एकदिवसीय कृषक प्रशिक्षण में भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य 500 तथा 50.00 लाख रू0 के विरूद्ध 300 तथा 10.04 लाख रू0 उपलब्धि है। एकदिवसीय कृषक प्रशिक्षण मद अंतर्गत विपत्र निकासी के संबंध में सिधवलिया चीनी मिल एवं सहायक निदेशक, ईख विकास, गोपालगंज के द्वारा कहा गया कि समस्या का समाधान हो गया है। निदेश दिया गया कि सेमिनार/प्रशिक्षण आयोजन के क्रमशः एक सप्ताह/दो दिनों के अन्दर राशि की निकासी उपलब्ध आवंटन के अधीन कर लिया जाय, इसमें अनावश्यक विलम्ब नहीं किया जाय अन्यथा कार्रवाई के भागी होगें।

6. उप निदेशक, ईख विकास, पटना को पदाधिकारियों एवं गन्ना किसानों के लिए योजनांतर्गत प्रावधानित एक्सपोजर विजिट में हुए प्रगति एवं लक्ष्य को पूरा करने हेतु कार्य योजना उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही विकास शाखा को प्रस्तुतीकरण में मदवार प्रगति, ईख मित्र एवं गन्ना किसान पंजीकरण को शामिल करने का निदेश दिया गया।

7. गन्ना यंत्रिकरण योजना के कार्यान्वयन को तत्काल स्थगित किया गया है एवं संशोधित अनुदेश निर्गत किया जाना है। इस हेतु चर्चा किया गया कि अब किसानों द्वारा शत प्रतिशत राशि का भुगतान कर यंत्र करना है एवं उसपर अनुमान्य अनुदान किसानों को दिया जाना है। इसमें किसानों को सहुलियत हेतु जितने आवेदन अंतिम रूप से चयनित होगा, वैसे किसानों के द्वारा अनुदान राशि के समतुल्य बैंक से लोन लिया जायेगा तथा शेष राशि वे स्वंय अथवा चीनी मिल ईख मूल्य से आंतरिक समायोजित कर सकती है। इस संबंध में बैंक से वार्ता कर सिधवलिया एवं बगहा चीनी मिल के महाप्रबंधक को अगली बैठक में प्रस्तुतीकरण करने का निदेश दिया गया। साथ ही सभी सहायक निदेशक एवं ईख पदाधिकारी को योजना में शामिल यंत्रों का बाजार दर प्राप्त कर सूचित करने हेतु निदेशित किया गया।

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

16.10.2025

ईखायुक्त, बिहार।

ज्ञाप संख्या–01/विकास–16354/2025– 1918/ई०आ०              पटना, दिनांक– 16 अक्टूबर, 2025

प्रतिलिपि– मुख्यालय के संबंधित सभी पदाधिकारी/सभी सहायक निदेशक, ईख विकास/सभी विशेष ईख पदाधिकारी एवं ईख पदाधिकारी/महाप्रबंधक, सभी चीनी मिल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ईखायुक्त, बिहार।